पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. – 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 353/2024

प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 15.11.20243

हेमराज मीना, पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु दिनांक- 15.11.2024 को आजमगढ़ पुलिस द्वारा निम्न कार्यवाहियां की गयी।

27वीं वाराणसी जोन की अन्तर-जनपदीय प्रतियोगिता (2024) के दुसरे दिन जूडो कलस्टर (महिला/पुरूष) में जनपद आजमगढ़, बुशु में जनपद जौनपुर (पुरूष), ताइक्वांडो (महिला/पुरूष) में जनपद चंदौली व पेंचक सिलाट में जनपद गाजीपुर (पुरूष) विजेता रही ।

➡ दिनांक- 14.11.2024 को *पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना* द्वारा पुलिस लाइन्स आजमगढ़ के प्रांगण में 27वीं वाराणसी जोन की अन्तर-जनपदीय जूडो कलस्टर (महिला/पुरूष), बुशु, ताइक्वांडो, कराटे और पेंचक सिलाट प्रतियोगिता (2024) का शुभारम्भ किया गया था।

➡प्रतियोगिता में कुल 06 जनपदों के कुल 76 (पुरूष-55 व महिला-21) प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। जनपद आजमगढ़ से 29, जौनपुर से 24, चंदौली व गाजीपुर से 08-08, भदोही से 05 तथा जनपद वाराणसी से 02 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया है।

➡ उक्त प्रतियोगिता के दुसरे दिन *जूडो कलस्टर (महिला/पुरूष) में जनपद आजमगढ़, बुशु में जनपद जौनपुर (पुरूष), ताइक्वांडो (महिला/पुरूष) में जनपद चंदौली व पेंचक सिलाट में जनपद गाजीपुर (पुरूष) विजेता* रही ।

➡ कल दिनांक- 16.11.2024 को उक्त प्रतियोगिता के *तीसरे दिवस जूडो प्रतियोगिता में 63 व 70 kg महिला वर्ग तथा 66 kg b 73 kg पुरूष वर्ग में (जनपद आजमगढ़ बनाम जनपद जौनपुर) फाइनल प्रतियोगिता होगी।*